आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01 .07.2026 समय : 02.10PM

**पीएम डिजिटल इंडिया अभियान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया अभियान ने सुशासन को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के 11 वर्ष पूरे होने पर इसका असर जीवन के हर क्षेत्र में दिख रहा है। डिजिटल भुगतान और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से सरकारी सहायता पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

**सीएम सिवनी विकास कार्य**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी जिले में राज्य-स्तरीय धान महोत्सव में शामिल होंगे। इस दौरान वे 494 करोड़ रुपये लागत के 629 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। कोदो-कुटकी उत्पादक करीब 4 किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से करीब 3 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि अंतरित की जाएगी। किसानों को यह राशि एक हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से दी जा रही है। महोत्सव स्थल पर कृषि यंत्रों, मिलेट्स उत्पादों और स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**मनरेगा की जगह जी राम जी**

देश में आज से मनरेगा की जगह नया 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन' यानी VB-G RAM G अधिनियम लागू हो गया है। इसके तहत अब 100 के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया है। सरकार ने इसके लिए 95 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है।

**उच्च शिक्षा में प्रवेश**

प्रदेश में उच्च शिक्षा प्रवेश प्रक्रिया ने नया रिकॉर्ड बनाया है। सत्र 2026-27 में अब तक 5 लाख 48 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 2 लाख 93 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष की तुलना में प्रवेश में 42.03 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई है।

**सीएम- तीन महत्वपूर्ण दिवस पर बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज तीन महत्वपूर्ण दिवसों पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस पर कहा कि सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के निर्माण में इनकी अहम भूमिका है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों के समर्पण को असंख्य परिवारों के लिए आशा और नवजीवन का आधार बताया। वहीं राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पर उन्होंने कहा कि डाक कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा ने डाक व्यवस्था को जनता के विश्वास का सशक्त माध्यम बनाया है।

**श्री अमरनाथ यात्रा**

श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आज जम्मू में तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू हुई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शुक्रवार को पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बालाघाट और डिंडौरी में आज अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। देवास, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अनुमान है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होगी।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होगा। मुकाबले पर बारिश का साया है, करीब 80 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई गई है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ नई शुरुआत करना चाहेगी। युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू को लेकर भी चर्चा तेज है।

**संक्षिप्त समाचार :–**

- शिवपुरी कलेक्टर ने जिले की समस्त रेत खदानों में मानसून अवधि के दौरान खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।
- आगरमालवा के अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर एक दूध डेयरी संचालक पर डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।
- झाबुआ महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हो रही है। आवेदन एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर 1 जुलाई से 13 जुलाई तक किए जा सकते हैं।
- लोक निर्माण विभाग मंत्री और नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल 100 दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से लगातार चलने वाला जन अभियान है।